# स्वतंत्रता दिवस पर लोक सभा अध्यक्ष का संदेश

स्वतंत्रता की 71वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई देती हूं। आज के स्वर्णिम दिन हमें देश के बहुआयामी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की शपथ दोहरानी चाहिए। हमें हमारी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक गौरवशाली धरोहर को भी संवर्धित और संपोषित करना है।

हमने जो स्वतंत्रता हासिल की है वो वर्षों के संघर्ष, राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च बलिदान और कई पीढ़ियों के इस यज्ञ में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने का परिणाम है। यह अवसर उन सभी के प्रति नतमस्तक होने का है। हमारी यह जिम्मेदारी भी है कि हम आजादी की इस संघर्ष-गाथा को युवा पीढ़ी तक पहुंचाएं ताकि वे इसके महत्व को जान सकें।

आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। नयी-नयी तकनीकों को हम अपना रहे हैं। इसी के साथ जीवन मूल्यों के प्रति हमारी दृढ़ता और विश्वास भी आज के समय में कायम रहना जरूरी है, तभी विश्व फलक पर भारत का गौरव व वैभव अक्षुण्ण रह सकेगा।

आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम भारत के प्रत्येक नागरिक को समृद्धि, समरसता और सम्मान दिलाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में पुरजोर प्रयास करने का संकल्प लें। स्वतंत्रता दिवस के इस आनन्दमय अवसर पर मैं समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

वंदे मातरम्। जय हिंद।